- युवाओं को इतना संवेदनशील बनाना कि वे एच.आई.वी. ग्रस्त व्यक्तियों के प्रति समाज में विद्यमान भेदभाव को समझ सकें। ऐसे व्यक्तियों की सहायता व जरूरी देखभाल करते हुए समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर करने की पहल कर सकें।
- यौन रोग, एच.आई.वी./एड्स तथा नशे को रोकने से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं तक युवाओं की पहुँच को बढ़ाना।
- स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन करना और युवाओं को स्वेच्छा से रक्तदान करने हेतु प्रेरित करना।
- युवाओं के बीच पीयर एजुकेटर्स का एक समूह तैयार करना और उनके द्वारा युवाओं को सुरक्षित स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना।
- **आर.आर.सी. के अंतर्गत संचालित गतिविधियाँ**
- विद्यार्थियों में से ही पीयर एजुकेटर तैयार कर प्रशिक्षित करना जिसमें यथा संभव छात्र-छात्राओं की संख्या बराबर हो।
- एच.आई.वी./एड्स जेण्डर, नशा इत्यादि पर जागरूकता सत्र, वाद-विवाद, प्रतियोगितायें, पोस्टर, नारे, सेमिनार, प्रदर्शनी, रैली, समारोह, स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन।
- स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (01 अक्टूबर), विश्व एड्स दिवस (01 दिसम्बर), राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी), महिला दिवस (8 मार्च) में विशेष गतिविधियाँ आयोजित करना।
- एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्तियों से संवाद करना व उनके जीवन की चुनौतियों को समझना।

- एकीकृत परामर्श एवं जाँच केन्द्र (आई.सी.टी.सी.), ब्लड बैंक और एचआईवी/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संस्थाओं में एक्सपोजर विजिट।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम (नुक्कड नाटक गीत आदि) का आयोजन।
- सूचना पट, प्रश्न पेटिका एवं दीवार लेखन।
- महाविद्यालयीन पत्रिका तथा मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के न्यूजलेटर हेतु लेख भिजवाना।
- विभिन्न क्षेत्रों के लोगों और शैक्षिक जगत से दूर रहने वाले युवाओं को एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूक करना।

MPSACS

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति

द्वितीय तल, तिलहन संघ भवन

1 अरेरा हिल्स, भोपाल म.प्र.

Email : mpsacs@gmail.com

www.mpsacsb.org

MPSACS

रेड रिबन क्लब

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित

हम नौजवान हैं नादान नहीं !

- हम सुरक्षित व स्वस्थ जीवन शैली अपनाते हैं!
- हम रक्तदान करते हैं!
- हम नशा नहीं करते नशे से दूर रहते हैं!
- एच.आई.वी. के साथ जी रहे लोगों के प्रति सद्भाव और सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं।

हम रेड रिबन क्लब के सदस्य हैं!

और आप ?

"Know AIDS for... No AIDS"

रेड रिबन : एक प्रतीक

- रेड रिबन एक प्रतीकात्मक चिन्ह है, जो एच.आई.वी./ एड्स के विरुद्ध संघर्षरत लोगों की एकता को दर्शाता है।
- रेड रिबन एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्तियों के प्रति हमारी सहृदयता का प्रतीक है।

क्या है रेड रिबन क्लब ?

रेड रिबन क्लब युवाओं का युवाओं के द्वारा युवाओं के लिए संचालित एक अनौपचारिक क्लब है जिसमें युवा जीवन के विभिन्न पहलुओं पर खुलकर चर्चा की जा सके। यह एक ऐसा मंच है जहां युवा स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए सचेत हो रहे हैं। युवाओं में जोश और उत्साह होता है, वह नए-नए प्रयोग करते हैं, रोमांचित जीवन जीने के लिए तत्पर रहते हैं। अतः इस रोमांचकारी जीवन में समय-समय पर खतरों की संभावना भी होती है।

इतना ही नहीं, युवा अवस्था जीवन का एक अहम पड़ाव होता है जिसमें कई तरह के शारीरिक एवं मानसिक बदलाव होते हैं। इसी अवस्था में युवा पीढ़ी के अपने सपने और माता-पिता के अरमान जुड़े होते हैं। यही वह समय होता है जब हम जीवन के लक्ष्य निर्धारित कर अपने आदर्शों के अनुरूप जीवन को सही दिशा में ढालने का प्रयास करते हैं।

रेड रिबन क्लब का मुख्य उद्देश्य, युवा पीढ़ी अपने साथी के प्रति सम्मान की भावना पैदा करे तथा जीवन में उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार को अपनाएं। स्वैच्छिक रक्तदान में महत्वपूर्ण योगदान दें।

रेड रिबन क्लब की भूमिका

शैक्षणिक संस्थाओं तथा महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लब मुख्य रूप से जो पहल करेंगे, वे हैं :

- युवाओं को एच.आई.वी./एड्स यौन रोग, स्वस्थ्य यौन व्यवहार तथा उससे संबंधित मुद्दों पर सही व पर्याप्त जानकारी प्रदान करना। उनके मन में व्याप्त भ्रान्तियों व गलत धारणाओं को दूर करना।
- युवाओं को (खासकर लड़कियों को) इस योग्य बनाना कि वह उन सब परिस्थितियों की पहचान कर खुद को बचाए जहां उनका शोषण हो सकता है।

रेड रिबन क्लब स्वस्थ मित्रता को निभाने का आह्वान करता है।